हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप

मां सियादेवी की महिमा पर बना छत्तीसगढ़ी भजन राम लखन संग सियादेवी



बालोद। जिले के प्रसिद्ध आस्था केंद्र मां सियादेवी मंदिर को समर्पित एक भावपूर्ण भक्तिमय भजन तैयार किया गया है। राम लखन संग सियादेवी नामक इस छत्तीसगढ़ी भक्ति गीत के माध्यम से मां सियादेवी की महिमा, श्रद्धा और भगवान श्रीराम–लखन के प्रति भक्तिभाव को सुरों में पिरोया गया है। भजन में मां सियादेवी के प्रति भक्तों की अटूट आस्था और मंदिर की धार्मिक महत्ता की सुंदर प्रस्तुत की गई है। छत्तीसगढ़ी भाषा में तैयार यह गीत स्थानीय संस्कृति और आधक भावनाओं को संगीत के माध्यम से जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास है। इसकी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मां सियादेवी की भक्ति से जुड़ने का एक नया माध्यम मिलेगा।

सूने मकान का ताला तोड़कर घुसा चोर, सामान बिखेरकर खाली हाथ लौटा

गुण्डरदेही। ग्राम खुटेरी रंग निवासी दौलत सोनकर के मकान में बीते मंगलवार को दोपहर 1 से 2 बजे के बीच घर को सुना देखकर आझात चोर घर के मुख्य दरवाजा का ताला तोड़कर अंदर घुस गया। मगर चोरी मे असफल रहा। चोर ने घर अंदर रखे आलमारी व पेटी को खोजबीन की आलमारी व पेटी के कपड़े को इधर–उधर फेंक दिया था, मगर चोर को किसी प्रकार का नगद पैसा व जेवरात नही मिला और उनको खाली हाथ लौटना पड़ा। घटना के समय कोई सदस्य घर मे मौजूद नही था, घर मालिक दौलत सोनकर जब दो बजे घर गया तो आलमारी के कपड़े व सामान बिखरे हुए पड़े थे। घर मे किसी प्रकार का रुपया पैसा व जेवरात नही था। मकान मालिक दौलत सोनकर के अनुसार, घटना की शिकायत दर्ज कराने के लिए वे गुंडरदेही थाने पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां पुलिस की ओर से कहा गया कि जब चोरी नहीं हुई है, तो रिपोर्ट नहीं लिखी जाएगी। हालांकि, इस संबंध में पुलिस का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है।दिनदहाड़े सूने मकान में ताला तोड़कर घुसने की इस घटना से क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ सकती है। मामले में पुलिस की ओर से जांच और आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

डॉ. बी.एल. साहसी की आठवीं कृति 'जल संरक्षण व पर्यावरण प्रदूषण' का विमोचन



डौंडीलोहारा। वनांचल क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा में पदस्थ राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक एवं साहित्यकार डॉ. बी.एल. साहसी की आठवीं कृति 'जल संरक्षण व पर्यावरण प्रदूषण' का विमोचन विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर गुण्डरदेही क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा किया गया। डॉ. साहसी की इस नई कृति में जल संरक्षण और पर्यावरण प्रदूषण जैसे वर्तमान समय के महत्वपूर्ण विषयों को स्थान दिया गया है। उनकी इस उपलब्धि से शिक्षा एवं साहित्य जगत में हर्ष का माहौल है। उनकी आठवीं कृति का विमोचन उनकी निरंतर साहित्यिक साधना, लेखन के प्रति समर्पण और सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर विधायक कुंवर सिंह निषाद ने डॉ. साहसी को श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया।



बंगाली समाज के दुर्गोत्सव का 68वां वर्ष, आस्था और संस्कृति का दिखा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

1956 से जारी परंपरा में उमड़ा जनसैलाब, तीन दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम और विशाल भंडारा

बंगाली समाज के सार्वजनिक दुर्गा उत्सव के 68वें वर्ष का भव्य शुभारंभ पूजा-अर्चना और धार्मिक उल्लास के बीच हुआ। वर्ष 1956 से निरंतर आयोजित यह उत्सव आज पूरे शहर की आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुका है। समारोह की मुख्य अतिथि राजहरा महिला समाज की अध्यक्ष रेनू सिंह रहीं।

अध्यक्षता सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सुकांतो मंडल ने की। अतिथियों ने फीता काटकर मंदिर का उद्घाटन किया। दीप प्रज्वलन, मां दुर्गा के मुख के अनावरण और पूजा-अर्चना के साथ नगर की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग, नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू,, पूर्व विधायक डोमेन भेड़िया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतिराम कोसमा और पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष रवि जायसवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जगन्नाथ स्टील प्लांट के सीईओ राम अग्रवाल, न्यायाधीश संध्या सिंह श्रीवास्तव, डॉ. अशोक ठाकुर और डीएव्ही इस्पात स्कूल के प्राचार्य जी. व्ही. राजशेखर राव भी उपस्थित रहे।



तीन दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, हजारों श्रद्धालुओं के लिए भंडारा

उत्सव के दौरान 18 अक्टूबर को गलीचा डांस और बांग्ला नृत्य, 19 अक्टूबर को भिलाई के आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति तथा 20 अक्टूबर को कराओके गीत कार्यक्रम होगा। 21 अक्टूबर को प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। सप्तमी से तीन दिन आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। खदान स्थापना के दौर में क्रशिंग प्लांट में काम करने बंगाल से आए 24 युवाओं ने अपनी संस्कृति और परंपरा को जीवित रखने के लिए मां दुर्गा की स्थापना शुरू की थी।

योग और प्राणायाम से तनाव नियंत्रण और एकाग्रता बढ़ाने की दी गई जानकारी

घनश्याम सिंह कॉलेज में नशामुक्ति, योग और आत्मरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद





लीड कॉलेज शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में समाज में बढ़ती नशे की प्रवित्ती को रोकने तथा युवाओं को योग, स्वास्थ्य एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नशामुक्ति, योग एवं आत्मरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- नशे से दूर रहने के साथ योग अपनाने और आत्मरक्षा के बताए उपाय

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चेयरमैन, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी बालोद डॉ. प्रदीप जैन, जिला संगठक इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी बालोद सुरेश कुमार देशमुख, योगाचार्य डॉ. आरके. मरकंडे, पीलू राम साहू तथा आत्मरक्षा प्रशिक्षक सुरेश प्रसाद सांडिल्य, कार्यक्रम संयोजक प्रो. जीएन खरे उपस्थित थे।

मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीप जैन ने बताया कि नशे की शुरुआत कई बार दोस्तों या परिचितों के दबाव अथवा उनके प्रभाव में आकर होती है, जो धीरे–धीरे आदत और फिर गंभीर लत का रूप ले लेती है। नशे के कारण व्यक्ति की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है, परिवार में तनाव बढ़ता है तथा घरेलू हिंसा, पारिवारिक विघटन और आपसी संबंधों में बिखराव जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ता है, जिनकी शिक्षा, मानसिक विकास और भविष्य प्रभावित होता है। उन्होंने युवाओं को सचेत करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के नशे को फैशन, मनोरंजन या मित्रता के नाम पर स्वीकार नहीं करना चाहिए। युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहकर अपने साथियों को भी जागरूक करना चाहिए। योगाचार्य पीलू राम साहू ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर को सक्रिय रखने, मन को शांत करने, एकाग्रता बढ़ाने और तनाव को नियंत्रित करने में सहायता मिल सकती है। आज की व्यस्त जीवनशैली में विद्यार्थियों के लिए योग और प्राणायाम विशेष रूप से उपयोगी हैं, क्योंकि पढ़ाई और अन्य गतिविधियों के बीच मानसिक संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। आत्मरक्षा प्रशिक्षक सुरेश प्रसाद सांडिल्य ने छात्रओं को विषम परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र के लिए आत्मरक्षा के प्रति जागरूक होना आवश्यक है, ताकि किसी अप्रिय परिस्थिति में वह सूझबूझ, साहस और आत्मविश्वास के साथ निर्णय ले सके। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, जागरूकता और सही समय पर लिया गया निर्णय किसी भी संकटपूर्ण स्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जिला संगठक इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी बालोद सुरेश कुमार देशमुख ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और उनकी सकारात्मक सोच समाज में व्यापक बदलाव ला सकती है। विद्यार्थियों को अपने परिवार, मित्रें और समुदाय में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। डॉ. आर.के. मरकंडे ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

25 को हल्बा-हल्बी समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन, बिहाव मड़वा पत्रिका का होगा विमोचन

बालोद। अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज 36 गढ़ केंद्रीय महासभा के तत्वावधान में आगामी 25 अक्टूबर रविवार को बालोद स्थित टाउन हॉल में युवक–युवती परिचय सम्मेलन एवं बिहाव मड़वा पत्रिका विमोचन समारोह का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान बिहाव मड़वा' पत्रिका का विमोचन, युवक–युवतियों का परिचय एवं अभिभावकों के साथ संवाद सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी।

- वैवाहिक संबंधों के साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत पर रहेगा जोर

इस अवसर पर अखिल भारतीय हल्बा–हल्बी आदिवासी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र माहला ने कहा कि समाज की एकता, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और भावी पीढ़ी को अपने रीति–रिवाजों एवं परंपराओं से जोड़ना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। युवक–युवती परिचय सम्मेलन केवल वैवाहिक संबंधों के लिए परिचय का मंच नहीं, बल्कि समाज के परिवारों के बीच आपसी संवाद, सहयोग और विश्वास को मजबूत करने का भी अवसर है। हल्बा–हल्बी आदिवासी समाज की गौरवशाली परंपराएं, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक मूल्य हमारी पहचान हैं। बदलते समय में इन परंपराओं को संरक्षित रखना और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आयोजित यह सम्मेलन समाज के युवाओं को अपनी जड़ों, रीति–रिवाजों और पारिवारिक संस्कारों से परिचित कराने का महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

उन्होंने कहा कि आज के बदलते दौर में युवाओं को अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से परिचित कराना बेहद जरूरी है। हमारी सांस्कृतिक पहचान हमारी धरोहर है, जिसे सहेजकर ढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। बिहाव मड़वा पत्रिका के विमोचन के माध्यम से समाज की वैवाहिक परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में भी सार्थक पहल की जा रही है। युवक–युवती परिचय सम्मेलन के माध्यम से विवाह योग्य युवक–युवतियों को एक–दूसरे को जानने–समझने तथा परिवारों को वैवाहिक संबंधों के लिए संवाद का अवसर मिलेगा। वहीं, 'बिहाव मड़वा' पत्रिका का विमोचन समाज की वैवाहिक परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक गतिविधियों को संजोने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिदेव मंदिर तालाब की सफाई



गुण्डरदेही। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत गुण्डरदेही के बुधवारी बाजार चौक के पास शनिदेव मंदिर तालाब की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार व स्वच्छता अभियान चलाया गया।

जिसमें मुख्य नगर अधिकारी कोमल ठाकुर जनप्रतिनिधि में शैल महोबिया, पार्षद गोकुल निषाद, एडरमैन अशोक महोबिया, सामाजिक कार्यकर्ता केशव साहू, चंद्रहास साहू, कविता गेंदे, ममता निषाद, चंद्रकांत साहू एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कामता प्रसाद साहू स्वच्छता ग्राही दीदी, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी का विशेष सहयोग रहा।

नगर पंचायत गुण्डरदेही सीएमओ और केशव साहू ने नगर वासियों को आवाह किया है कि नागरिक गण सेवा संकल्प स्वच्छता अभियान में अपना श्रमदान प्रदान कर सकते है एवं प्रत्येक शनिवार वो रविवार को प्रातः एक घंटे सफाई करने का संकल्प लिया।

ढीमर समाज के मंच व शेड निर्माण का भूमिपूजन



गुण्डरदेही। नगर पंचायत गुण्डरदेही के वार्ड क्रमांक 3 एवं 10 के मध्य स्थित रामसागर पारा में कोसरिया ढीमर समाज के लिए मंच एवं शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस निर्माण कार्य के लिए 15 लाख की राशि निर्धारित की गई है। मंच एवं शेड के निर्माण से समाज के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं विभिन्न सामुदायिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, सीएमओ कोमल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ पार्षद संतोष नेताम, रोमलाल यादव, सलीम खान, हेमलता सोहन सोनी सहित वार्डवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर ढीमर समाज के तिलक राम, तिहारू राम, मदन लाल, भरत लाल, नोहर, रामचंद्र, भीखम, गुलशन, हरिश्चंद्र एवं खेदुराम ढीमर सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

खोरदो में रास गरबा प्रतियोगिता का आयोजन



गुरूर। ग्राम खोरदो में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा रास गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने भाग लेकर गरबा महोत्सव को सफल बनाया। दुर्गा समिति के सदस्यों ने बताया कि यह प्रथम वर्ष है जहां माता के प्रांगण में राज गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम झरना, द्वितीय कल्पना साथी एवं तृतीय रानू संगीता एवं साथी रहे, प्रतिभागियों को समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

फसल गिरदावरी सर्वेक्षण कार्य को लेकर कृषि अधिकारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



गुरूर। छग कृषि अधिकारी संघ ने डीसीएस पीवी एप के माध्यम से फसल गिरदावरी सर्वेक्षण कार्य के संबंध में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सीएल ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें संघ ने कहा है कि डीसी एसपी एप के माध्यम से फसल गिरदावरी सर्वेक्षण का मुख्य राजस्व विभाग से संबंधित है, जिसका नोडल विभाग राजस्व विभाग ही है। विगत अनेक वर्षों से यह कार्य राजस्व विभाग द्वारा ही संपादित किया जाता है, फलस्वरूप उक्त कार्य गैर विभागीय होने के साथ ही इस कार्य में अनेको व्यावहारिक एवं प्रायोगिक समस्याएं होने के कारण संघ के प्रांतीय निकाय द्वारा संदर्भित पत्र क्रमांक 3 के माध्यम से उक्त कार्य नहीं करने का निर्णय लिया गया है। जिसकी सूचना पूर्व में शासन प्रशासन को दी जा चुकी है। संघ ने उपरोक्त निर्णय के परिपालन एवं समर्थन में पीवी एप के माध्यम से फसल गिरदावरी सर्वेक्षण कार्य करने असमर्थ जाहिर की है।

दशहरा और दुर्गा विसर्जन को लेकर शांति समिति की बैठक

डौंडीलोहारा। नगर में दशहरा उत्सव एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार, 17 अक्टूबर को थाना डौंडीलोहारा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों, दुर्गोत्सव एवं दशहरा समितियों के पदाधिकारियों, आसपास के ग्रामों के सरपंच-पंच तथा नगरवासियों ने भाग लिया। बैठक में आगामी आयोजनों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा इंतजामों को मजबूत करने और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसडीओपी विनय कुमार, एसडीएम लवकेश ध्रुव, तहसीलदार हिंसा राम नायक तथा थाना प्रभारी अविनाश सिंह ने बारी-बारी से अपने विचार रखे। अधिकारियों ने उपस्थित समिति सदस्यों से आयोजन की तैयारियों के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव लिए।

पेज 3 के शेष

मंडी समिति की 3.54 करोड़...

कुल अनुमानित लागत लगभग 3.54 करोड़ रुपये है। जारी निविदा के अनुसार विभिन्न गांवों में सीसी सड़क, चबूतरा शेड और सामुदायिक भवन सहित अन्य निर्माण कार्य कराए जाने हैं। इन कार्योंको अलग–अलग निविदाओं में जारी करने के बजाय बड़े पैकेजों में शामिल किया गया है। ठेकेदारों के अनुसार डी–क्लास के ठेकेदार एक करोड़ रुपये तक के कार्योंके लिए पात्र हैं। ऐसे में जब अलग–अलग गांवों के निर्माण कार्यों को जोड़कर एक करोड़ रुपये से अधिक के पैकेज बनाए जाते हैं, तो संबंधित निविदा की शर्तों के आधार पर डी–क्लास के ठेकेदारों की भागीदारी सीमित हो सकती है। उनका आरोप है कि इससे सी–क्लास के ठेकेदारों को काम मिलने की संभावना बढ़ जाती है और छोटे ठेकेदार काम से वंचित रह जाते हैं। इस मामले में सवाल उठ रहे हैं कि जब निर्माण कार्य अलग–अलग गांवों में होने हैं, तो उन्हें एक साथ जोड़कर बड़े पैकेज बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी?

गन्ने के बढ़े दाम और...

काम आएगी। राम कुमार पटेल ने किसानों की समस्याओं और उनकी वर्षों पुरानी मांग को संवेदनशीलता से पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अन्नदाताओं के पसीने की सही कीमत देकर विष्णुदेव सरकार ने किसानों का मान बढ़ाया है। किसान हित में लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

पैलेट प्लांट के ठेका...

नियमविरुद्ध बदलाव पाए जाने पर उसे निरस्त करने की मांग की है। इसके अलावा 1 अप्रैल 2026 से केंद्रीय वेतनमान, महंगाई भत्ता, ईपीएफ, ईएसआईसी और बोनस सहित बकाया अंतर राशि दिलाने की मांग रखी गई है। संघ ने पूरे मामले की सीवीओ सेल या सीवीसी से सतर्कता जांच कराने और जांच के दौरान किसी भी श्रमिक को नौकरी से नहीं हटाने की मांग भी की है। मुश्ताक अहमद ने स्थानीय और आदिवासी श्रमिकों के साथ भेदभाव, सुविधाओं में असमानता और भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए इनकी भी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि एसडीएम के समक्ष हुई बैठक में कंपनी ने स्थानीय ड्राइवरों की भर्ती का आश्वासन दिया था, लेकिन इसके पालन पर भी सवाल हैं।

ज्ञापन सौंपने के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष तोरणलाल साहू, एल्डरमैन महेंद्र सिंह, सुरेंद्र बेहरा, तरुण टंडन, अमित तिवारी, विजय कुमार सहित संघ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

4 ब्रह्माकुमारी भवन में सजी पांच देवियों की चैतन्य...



4 आदिवासी समाज की संवैधानिक कार्यशाला...



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़





रेलवे पुल निर्माण के लिए 4.21 करोड़ रुपए स्वीकृत, ग्रामीणों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसुमकसा

क्षेत्र की वर्षों पुरानी रेलवे पुल निर्माण की मांग अब पूरी होने की दिशा में आगे बढ़ गई है। रेलवे पुल के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 4 करोड़ 21 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान किए जाने से कुसुमकसा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने की दिशा में उठाए गए कदम के लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के प्रति आभार व्यक्त किया है।

स्वीकृति मिलने के बाद कुसुमकसा के ग्रामीण जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों का प्रतिनिधिमंडल संबंधित जनप्रतिनिधियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने पहुंचा। इस दौरान शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि रेलवे पुल की समस्या लंबे समय से क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। इसके निर्माण की मांग लगातार उठाई जा रही थी। अब राशि स्वीकृत होने से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होने की उम्मीद जगी है।

मंजू बैस ने कहा, बुनियादी सुविधाओं का विकास प्राथमिकता : जनपद सदस्य मंजू संजय बैस ने रेलवे पुल निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुसुमकसा के ग्रामीण लंबे समय से इस समस्या के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे थे। जनता की परेशानियों को दूर करना और क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र का वास्तविक विकास केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान से होता है। रेलवे पुल निर्माण के लिए स्वीकृति मिलना कुसुमकसा के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



संजय बैस ने बताया ग्रामीणों की सामूहिक जीत

भाजपा नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने कहा कि कुसुमकसा रेलवे पुल निर्माण के लिए स्वीकृति मिलना किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि वर्षों से इस समस्या का सामना कर रहे समस्त ग्रामवासियों की सामूहिक जीत है। उन्होंने कहा कि रेलवे पुल की समस्या के कारण क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की इस मांग को लेकर लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में शासन द्वारा 4 करोड़ 21 लाख रुपये की स्वीकृति दिया जाना कुसुमकसा के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होने और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की उम्मीद मजबूत हुई है। इस अवसर पर जनपद सदस्य मंजू संजय बैस, सरपंच वेद बाई पिस्दा एवं क्षेत्र की सामाजिक कार्यकर्ता आशा आर्य सहित भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

नवरात्रि विशेष



सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा-करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

जिले में दर्ज 5,387 शिकायतों में से 83.57 प्रतिशत का हुआ समाधान

मुख्यमंत्री ने लिया जायजा, सीएम हेल्पलाइन से जिले में 4,502 शिकायतों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और समयबद्ध निराकरण के लिए संचालित सीएम हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से जिले में अब तक 4,502 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। जिले में कुल 5,387 शिकायतें दर्ज की गई थीं, जिनमें से 83.57 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण हुआ है।

- शिकायत बंद करने के बजाय समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित हो : मुख्यमंत्री साय

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार वैद्य, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर इंद्रजीत सेन सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से जिलेवार प्राप्त शिकायतों, उनके निराकरण और शिकायतकर्ताओं से मिले फीडबैक की समीक्षा की गई। सीएम हेल्पलाइन 1076 के अंतर्गत बालोद जिले में कुल 5,387 शिकायतें पंजीकृत हुई हैं। इनमें से 3,231 शिकायतों को सकारात्मक रूप से क्लोज्ड किया गया, जबकि 1,271 शिकायतों को स्पेशल क्लोज्ड किया गया। इस प्रकार कुल दर्ज शिकायतों में से 23.59 प्रतिशत शिकायतें स्पेशल क्लोज्ड श्रेणी में दर्ज की गईं। जिले में कुल 4,502 शिकायतों का निराकरण किया गया है। निराकृत शिकायतों का प्रतिशत 83.57 रहा। शिकायतों के निराकरण के बाद शिकायतकर्ताओं से प्रतिक्रिया भी प्राप्त की गई। जिले में शिकायतकर्ताओं से कुल 4,094 प्रतिक्रियाएं मिलीं, जिनमें 2,606 सकारात्मक फीडबैक शामिल हैं। इस तरह प्राप्त प्रतिक्रियाओं में 63.7 प्रतिशत फीडबैक सकारात्मक रहे। यह फीडबैक शिकायतों के निराकरण की स्थिति और नागरिकों के अनुभव को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। शिकायतों को केवल बंद करने के बजाय यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित नागरिक की समस्या का वास्तविक समाधान हुआ है।



शासन और आम जनता के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राशन, पेंशन, बिजली, पेयजल, आवास और अन्य नागरिक सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाए तथा शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 1076 का ग्राम पंचायतों, उचित मूल्य दुकानों और कॉमन सर्विस सेंटरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए, ताकि दूरस्थ क्षेत्रें के नागरिकों को भी इस सुविधा की जानकारी मिल सके और वे घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। सीएम हेल्पलाइन 1076 शासन और आम जनता के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ ही प्राप्त शिकायतों और फीडबैक के आधार पर शासकीय सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में भी मदद मिल रही है।

अवैध पटाखा भंडारण पर पुलिस की छापेमार कार्रवाई भारी मात्रा में पटाखे जब्त

बालोद। त्योहारों के मद्देनजर अवैध पटाखों के भंडारण और कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। बालोद शहर के सदर क्षेत्र और मधु चौक स्थित दो अलग-अलग स्थानों पर पुलिस टीम ने छापेमार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में पटाखे जब्त किए हैं।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, संबंधित स्थानों पर पटाखों के भंडारण से जुड़े दस्तावेजों और निर्धारित नियमों के पालन की जांच की जा रही है। यह कार्रवाई एसडीओपी विनय कुमार और कोतवाली थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई। दोनों स्थानों पर की गई कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्र में पटाखे मिलने के बाद पुलिस ने उनके भंडारण से संबंधित वैध दस्तावेजों और अन्य आवश्यक पहलुओं की पड़ताल शुरू कर दी है। दस्तावेजों और भंडारण के नियमों की जांच की जा रही है कि संबंधित स्थानों पर पटाखों का भंडारण नियमानुसार किया जा रहा था या नहीं। इसके साथ ही पटाखों की खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेजों और आवश्यक अनुमति की भी पड़ताल की जा रही है। जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामले में जांच जारी है। जब्त किए गए पटाखों की कुल मात्रा और कार्रवाई से संबंधित विस्तृत जानकारी अधिकृत रूप से जारी की जानी है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी लाने के निर्देश, त्रुटिरहित सूची बनाने पर जोर

बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार निर्वाचन संबंधी कार्यों की समीक्षा एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में प्रगति लाने के उद्देश्य से तहसील कार्यालय गुरूर में बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं एसडीएम शिवनाथ बघेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्वाचन संबंधी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में एसडीएम बघेल ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, अपात्र एवं मृत मतदाताओं के नामों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने तथा मतदाता सूची में दर्ज विवरणों की त्रुटियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुधारने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए जागरूक किया जाए, ताकि कोई भी पात्र युवा अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

मंडी समिति की 3.54 करोड़ की निविदाओं पर ठेकेदारों की नाराजगी

बालोद। कृषि उपज मंडी समिति बालोद द्वारा विभिन्न गांवों में कराए जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए जारी निविदाओं को लेकर स्थानीय ठेकेदारों के बीच नाराजगी सामने आ रही है। ठेकेदारों का कहना है कि अलग-अलग गांवों के छोटे-छोटे निर्माण कार्यों को एक साथ जोड़कर बड़े पैकेज बनाए जा रहे हैं। इससे डी-क्लास के ठेकेदारों के लिए काम हना मुश्किल हो रहा है, जबकि बड़े पैकेजों में सी-क्लास के ठेकेदारों को ही काम लेने का अवसर मिलने की स्थिति बन रही है। मंडी समिति द्वारा जारी ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना में तीन बड़े पैकेज शामिल किए गए हैं। इनमें पहले पैकेज की अनुमानित लागत 103.42 लाख रुपये, दूसरे की 145.50 लाख रुपये और तीसरे की 105.49 लाख रुपये है। तीनों पैकेजों की ⏭शेष पेज 02 पर

- अलग-अलग गांवों के छोटे कार्यों को जोड़कर बनाए गए तीन बड़े पैकेज



गन्ने के बढ़े दाम और एरियर से किसानों की दीवाली दोगुनी, सोहतरा के राम कुमार ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

छत्तीसगढ़ शासन की किसान हितैषी नीतियों और नगदी फसलों को मिल रहे प्रोत्साहन से प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है। राज्य सरकार द्वारा गन्ने के समर्थन मूल्य में की गई वृद्धि और समय पर भुगतान की पारदर्शी व्यवस्था से अन्नदाता आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। ग्राम सोहतरा के गन्ना उत्पादक कृषक राम कुमार पटेल का जीवन शासन की किसान हितैषी मंशा और धरातल पर उसके सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करती है। ग्राम सोहतरा के कृषक राम कुमार पटेल ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे विगत 07 से 08 वर्षों से लगभग 02 एकड़ में नियमित रूप से गन्ने की खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि परंपरागत फसलों की तुलना में गन्ने की खेती न केवल अधिक सुरक्षित है, बल्कि नियमित आमदनी का एक मजबूत माध्यम भी बन चुकी है। शासन द्वारा गन्ने के मूल्य में की गई वृद्धि से उत्साहित होकर वे आगामी वर्षों में गन्ने की खेती का रकबा और अधिक बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। कृषक पटेल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सत्र में बेचे गए गन्ने का भुगतान बढ़ी हुई दरों और एरियर के रूप में प्राप्त होने से किसानों में अभूतपूर्व खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि इस बार गन्ना उत्पादक किसानों के घरों में दीवाली दोगुनी खुशी के साथ मनेगी।' उन्होंने बताया कि वर्तमान में उनके घर का निर्माण कार्य चल रहा है, ऐसे समय में शासन से मिलने वाली यह अतिरिक्त संबल राशि सीधे उनके आवास निर्माण और परिवार की खुशहाली में ⏭शेष पेज 02 पर

- दो एकड़ में 7-8 वर्षों से कर रहे गन्ने की खेती, रकबा बढ़ाने की योजना

पैलेट प्लांट के ठेका श्रमिकों को केंद्रीय वेतनमान देने की मांग सांसद नाग को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

दल्ली यंत्रीकृत खदान स्थित 1.2 मिलियन टन क्षमता वाले पैलेट प्लांट में ठेका श्रमिकों के वेतन और सुविधाओं को लेकर खदान मजदूर संघ भिलाई (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) ने मोर्चा खोल दिया है। संघ अध्यक्ष मुश्ताक अहमद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने 16 अक्टूबर को राजहरा पहुंचे कांकेर सांसद भोजराज नाग को ज्ञापन सौंपकर केंद्रीय वेतनमान सहित अन्य मांगें रखीं।

संघ के अनुसार, इस संबंध में छत्तीसगढ़ के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन को भी ज्ञापन दिया गया था। इसके बाद मंत्री ने श्रम विभाग के सचिव को पत्र लिखकर जांच के निर्देश दिए। सचिव ने श्रमायुक्त, नवा रायपुर को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने को कहा है।

बीएसपी की सुविधाएं, फिर भी वेतन में भेदभाव का आरोप : संघ का दावा है कि पैलेट प्लांट के लिए जमीन, पानी, बिजली, खनिज सामग्री और पर्यावरणीय स्वीकृति सहित कई प्रमुख संसाधन बीएसपी से जुड़े हैं। संघ ने इसे बीओटी/एमडीओ मॉडल बताते हुए कहा कि प्लांट को स्वतंत्र फैक्ट्री मानकर श्रमिकों को कम वेतन देना जांच का विषय है। संघ अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने आरोप लगाया कि निर्माण के दौरान श्रमिकों से 12-12 घंटे काम कराया गया। पूरा वेतन नहीं मिलने की शिकायतों के बावजूद ठेकेदारों को भुगतान संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किए गए। संघ ने लीज बाउंड्री बदलने के आदेश की प्रति सार्वजनिक करने और ⏭शेष पेज 02 पर

केंद्रीय श्रम लाइसेंस और लीज बाउंड्री पर सवाल

संघ का आरोप है कि पैलेट प्लांट खनन पट्टे की सीमा के भीतर संचालित है, फिर भी स्थानीय और आदिवासी ठेका श्रमिकों को केंद्रीय वेतनमान के बजाय फैक्ट्री एक्ट के तहत वेतन दिया जा रहा है। संघ ने केंद्रीय उप मुख्य श्रमायुक्त कार्यालय से आरटीआई के तहत मिली जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि जगन्नाथ स्टील प्लांट ने 300 श्रमिकों के लिए केंद्रीय श्रम लाइसेंस लिया था, जिसकी वैधता 5 सितंबर 2026 तक थी। संघ ने लीज बाउंड्री बदलने के आदेश, उसकी वैधानिक प्रक्रिया और संबंधित अनुमतियों की जांच की मांग की है।

समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश

डीडी पंचायत और जनपद सीईओ ने किया विकास कार्यों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

विकसित भारत-जी रामजी योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रें में चल रहे विकास कार्यों की गुणवक्ता एवं प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य उप संचालक पंचायत हिमांशु साहू और सीईओ जनपद प ने संयुक्त दौरा कर ग्राम पंचायत धनोरा में बालिका शौचालय, जल जीवन मिशन एवं ट्रेंच निमार्ण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीणो के घर में पानी पहुचने का भौतिक निरीक्षण कर ग्रामीणो से चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालिका शौचालय निर्माण एवं ट्रैरच निमार्ण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों एवं तकनीकी अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवक्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवक्ता का विशेष ध्यान रखने तथा शासन के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उप संचालक पंचायत ने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यों को जिम्मेदारीपूर्वक समय पर पूरा करें, ताकि ग्रामीण क्षेत्रें में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो सके। जनपद सीईओ पन्नालाल ने डिप्टी डायरेक्टर पंचायत हिमांशु साहू को बताया कि जनपद गुरूर के 71 ग्राम पंचायत में विकसित भारत-जी रामजी योजना के कार्यो और प्रधानमंत्री आवास योजना में 90 मानव दिवस का मस्टर रोल जारी किया गया है, जिसमें कुल 1437 श्रमिको को कार्य मांग के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया गया है। 68979 सक्रिय श्रमिको का ई-केवायसी पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही समस्त सचिव और ग्राम रोजगार सहायको निर्देशित किया गया है कि सभी ग्राम पंचायतो में कार्य मांग के आधार पर श्रमिको को रोजगार उपलब्ध कराये, किसी भी ग्राम पंचायत में जीरो (शून्य) की स्थिति न रहें। सभी ग्राम पंचायत में प्राप्त मात्र में श्रम मूलक कार्यो की स्वीकृति प्राथमिकता से ली जा रही हैं।

- बालिका शौचालय, जल जीवन मिशन और ट्रेंच निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा



खबर संक्षेप

तिरगा में 19 को होगा लोक रागिनी सांस्कृतिक कार्यक्रम

अंडा। ग्राम तिरगा में कुंवार नवरात्रि के पावन अवसर पर नव दुर्गा उत्सव समिति तिरगा द्वारा माता रानी की असीम कृपा एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 19 अक्टूबर सोमवार को रात्रि में लोक रागिनी सांस्कृतिक संस्था, मरोदा भिलाई, जिला दुर्ग की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के संचालक रिखी क्षत्री है जो कि प्रधानमंत्री द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित है। मुख्य गायिका मालती निषाद का स्वर सुनने को मिलेगा। इसी दिन अष्टमी के पावन अवसर पर हवन-पूजन का कार्यक्रम भी संपन्न होगा। पर्व पर माता रानी की आराधना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से श्रद्धा, भक्ति और लोक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिलेगी। नव दुर्गा उत्सव समिति तिरगा ने समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा आयोजन की शोभा बढ़ाने एवं कार्यक्रम में सहयोग की अपील की है।

प्राथमिक शाला के विद्यार्थी को न्योता भोज कराया



गुरूर। धानापुरी में नवरात्रि के पावन पर्व पर प्राथमिक शाला के छात्र–छात्राओं को पालकों द्वारा न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर भागबली यादव, दुर्गेश्वरी यादव, माया सिंन्हा, अनीता बेसरा, योगेश्वरी सिंन्हा, हेमलता यादव, चमेली बाई,राम किशोर, भूपेश सलाम, त्रिलोक सिंन्हा, भूवन लाल नारंग, वेद प्रकाश, संजय कुमार ठाकुर, सोहन लाल सलाम, निराशा, उमेश्वरी रंभा, अनूप, जितेश बाई सहित सभी पालक गण उपस्थित थे।

गन्ना खरीदी दर बढ़कर 425 रुपए प्रति क्विंटल, डॉ. देवेंद्र ने किया निर्णय का स्वागत

बालोद। भाजपा सरकार किसानों के परिश्रम का उचित मूल्य सुनिश्चित करने, उनकी आय को सु–ढ़ बनाने और कृषि आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने गन्ना उत्पादक किसानों के हित में शक्कर कारखानों में गन्ना खरीदी की दर बढ़ाकर 425 प्रति क्विंटल कर दी है, साथ ही पेराई सत्र 2025–26 में खरीदे गए गन्ने का भुगतान भी इसी बढ़ी हुई दर से किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर अखिल भारतीय हल्बा–हल्बी आदिवासी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. देवेंद्र माहला ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह फैसला गन्ना उत्पादक किसानों के परिश्रम, उनकी मेहनत और उनके परिवारों की खुशहाली को समर्पित है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो और खेती लाभकारी बने, यही भाजपा सरकार की किसान कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता है।



ब्रह्माकुमारी भवन में सजी पांच देवियों की चैतन्य झांकी, उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूजय ⏭ गुरूर

नवरात्रि पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रभु उपहार भवन गुरुर में पांच देवियों मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां काली और मां उमा की चैतन्य झांकी का आयोजन किया गया, जिसमें गुरुर तथा आस पास के गांवों से श्रद्धालुगण दर्शन करने आ रहे हैं।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा की नवरात्रि केवल पूजा अर्चना का पर्व नहीं, बल्कि नारी शक्ति, पवित्रता, आत्म बल और सदाचार को जागृत करने का अवसर भी है देवी स्वरूपों से प्रेरणा लेकर जीवन में अच्छाइयों को अपनाने और समाज में शांति एवं सद्भाव स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए तथा इस कार्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभाती आ रही है। समाज को दिशा दिखाने में ब्रम्हाकुमारी बहनें हमेशा तत्पर रहती है तथा अभी हाल ही में नशामुक्ति अभियान का देशव्यापी कार्यक्रम भी किया गया।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुरुर की संचालिका बीके. सरस ने बताया कि नवरात्रि देवियों की पूजा के साथ साथ आध्यात्मिक शक्ति को बढ़ाने का पर्व भी है देवी देवताओं के गुणों को समझकर जीवन में अपनाना हीं सच्ची साधना है हमें शिक्षा के साथ–साथ संस्कारों का भी ध्यान रखना चाहिए। इसके साथ ही सरस ने उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की प्रतिज्ञा भी करवाई और नशा से होने वाली नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, काली और उमा की झांकी के दर्शन कर रहे आसपास के ग्रामीण



ये रहे शामिल

कार्यक्रम की प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर और चैतन्य देवियों की पूजा अर्चना किया गया, जिसमें मुख्य रुप से संस्था संचालिका बीके सरस, बीके परमेश्वरी, सुर्यकांत खत्री, सीपी बघेल, इंजीनियर राजेश साहू, परस राम साहू, सरोज पटेल, रामसिंह साहू अन्य गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में तृतीय दिवस की चैतन्य देवियां झांकी प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में चंद्रिका बहन, शांता माता, पुष्पलता, विनीता, तुलसी साहू, पल्लवी, सत्यभामा, सेवक, घनश्याम भाई, नंदकुमार, पुरन लाल, खिलानंद, अमीरचंद, ब्रिजेश्वरी का सहयोग रहा।

आत्मज्ञान भवन में मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, काली और उमा की चैतन्य झांकी आकर्षण का केंद्र

बालोद में चैतन्य देवियों की झांकी का तीसरे दिन सांसद भोजराज नाग ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां काली एवं मां उमा की चैतन्य झांकी के तीसरे दिन।टन सांसद भोजराज नाग एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा पवन साहू, भूतपूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा केसी पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, अध्यक्ष नगर पालिका दल्ली राजहरा तोरण साहू, दीपा साहू, तहसीलदार संध्या नामदेव एवं संचालिका, ब्रह्माकुमारीज बालोद बीके. विजयलक्ष्मी दीदी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर अतिथियों ने झांकी की विशेषता और आध्यात्मिक संदेश की सराहना की। भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि इस चैतन्य झाँकी पर हम सभी को भारत की प्राचीन परंपरा, संस—ति और प्राचीन सभ्यता सहित कई ऐतिहासिक विषयों की जानकारी प्रदान की गई।

सांसद भोजराज नाग ने कहा कि झाँकी के माध्यम से हमें जानकारी हुई कि मनुष्य की आत्मा को देखने की साधना कैसी होती है मनुष्य होना बड़ी बात नहीं है, लेकिन मनुष्य होकर जीवात्मा को जानना, परमात्मा को जानना ये बड़ी बात है और इसके लिए ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा जो शिक्षा प्रदान की जाती है उसमें हम सभी को भाग लेना चाहिए तभी अपनी प्राचीन संस्कृति को हम समझ पायेंगे।



बीके. विजयलक्ष्मी ने आगे कहा कि यहाँ पर जो साधना सिखाई जाती है उसका चित्रण किया गया है कि हमारी कर्मेंद्रियाँ पाँच घोड़ों के समान हैं जो अनियंत्रित होकर हमें अलग–अलग दिशाओं में भटकाने का प्रयास करती हैं, किन्तु जब हम राजयोग का अभ्यास करते हैं तो प्रत्येक कर्मेंद्रियाँ नियंत्रित होकर एक दिशा में कार्य करने लगती हैं। इस प्रकार हम स्व–शासित होकर विश्व–शासक बन सकते हैं, जिनकी पूजा हम देवी रूप में करते हैं।

नवरात्रि के पश्चात 21 अक्टूबर से पांच दिवसीय राजयोग शिविर प्रारंभ होगा, जिसमें कोई भी भाई–बहन प्रातः 7 से 12 बजे तक एवं शाम 5 से 8 बजे के बीच कोई भी एक घंटे का चयन करके लाभ ले सकते हैं।

बी के विजयलक्ष्मी संचालिका ब्रह्माकुमारीज़ बालोद ने कहा कि चैतन्य देवियों की झांकी के दर्शन प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में किए जा सकते हैं। यह आयोजन नवरात्रि के आध्यात्मिक संदेश को जन–जन तक पहुँचाने और समाज में सकारात्मक जीवन मूल्यों को प्रोत्साहित करने की प्रेरणादायी पहल है।

गंगा मैया मंदिर प्रांगन में लगा जागरूकता शिविर



बालोद। गंगा मैया मंदिर प्रांगण झलमला में 13 से 16 अक्टूबर तक चार दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं श्रद्धालुओं को बाल अधिकार, बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा तथा उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक व सजग बनाना रहा।

- कानूनी अधिकार सहित विभिन्न विषयों पर दी जानकारी

चार दिवसीय इस अभियान के दौरान मंदिर परिसर में पहुंचे 900 से अधिक श्रद्धालुओं व आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। विभागीय दल द्वारा बच्चों के बुनियादी अधिकारों, बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम, बाल श्रम उन्मूलन, पॉक्सो एक्ट तथा बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

इसके साथ ही महिलाओं व बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जनमानस को अवगत कराया गया।

अभियान के दौरान 'मिशन वात्सल्य' के तहत बच्चों की देखरेख व संरक्षण तंत्र की जानकारी देते हुए आपातकालीन चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा 'मिशन शक्ति' के तहत महिलाओं की सहायता हेतु संचालित महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में बताया गया। श्रद्धालुओं को प्रेरित किया गया कि यदि समाज में कहीं भी बाल विवाह, बाल शोषण या महिलाओं के प्रति असुरक्षा की स्थिति दिखे, तो तत्काल इन हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना देकर अपनी जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं।

आदिवासी समाज की संवैधानिक कार्यशाला एवं सामाजिक जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडी

अखिल भारतीय हवा हल्बा आदिवासी समाज महासभा बालोद के निर्देशन में युवा प्रभाग महासभा बालोद द्वारा गोंडवाना भवन डौंडी में 17 एवं 18 अक्टूबर को संवैधानिक कार्यशाला एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में समाज के पारंपरिक री ति - रि वा जों , संस्कारों तथा संविधान प्रदत्त अधिकारों के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

- जन्म, विवाह और मृत्यु संस्कारों पर दी जानकारी
- संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य

कार्यशाला में समाज के तीन प्रमुख संस्कारों—जन्म संस्कार, विवाह संस्कार एवं मृत्यु संस्कार—के साथ-साथ संवैधानिक अधिकारों और विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। विषय विशेषज्ञ विनोद कुमार कोसले, बिलासपुर एवं अश्वनी कागे तथा विशाल सिंह सहारा द्वारा प्रमुख वक्ता के रूप में प्रशिक्षणार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। कार्यशाला का उद्देश्य समाज के लोगों को अपने पारंपरिक संस्कारों के प्रति जागरूक करने के साथ संविधान में प्रदत्त अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी देना है।

कार्यक्रम में महासभा बालोद की अध्यक्ष चिदाकाश आर्य, महामंत्री टीकम ठाकुर, मुकेश पौषार्य, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष तिरुमल तुकाराम कोर्राम, गोंडवाना गोंड महासभा बालोद के अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम, गोंडवाना समाज के ब्लॉक अध्यक्ष आत्माराम कौड़ो, डौंडी ब्लॉक अध्यक्ष हल्बा समाज खोरबाहरा राम गावर, मदन बढ़ाई, महासभा बालोद के उपाध्यक्ष छत्तर सिंह कोमा, कुसुमकसा ब्लॉक अध्यक्ष रोहित माहला, महासचिव सुनहेर कोसमा, भीखम भुआर्य, युवा प्रभाग अध्यक्ष स्वरूप नायक, ऋषिकेश ठाकुर, आशीष आर्य, तिलक मानकर, संतोष घराना, इंद्र कुमार करात, युवा महिला प्रभाग अध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी ठाकुर, गुलाब नायक, परसुराम नायक, उदेलाल शिवना एवं सचिन अमला सहित समाज के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण शिविर में समाज के सैकड़ों युवा-युवतियां प्रशिक्षणार्थी के रूप में शामिल होकर सामाजिक परंपराओं, संवैधानिक अधिकारों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

कॉलेजों में लगा विशेष मतदाता पंजीयन शिविर

बालोद। शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा एवं शासकीय महाविद्यालय मंगचुवा में विशेष मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजित शिविर के विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु निर्धारित फॉर्म–6 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर स्थल पर ही पात्र छात्र–छात्रओं से भौतिक रूप से फॉर्म–6 संकलित किए गए। शिविर में उपस्थित प्राध्यापकों एवं अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मतदाता लोकतंत्र की रीढ़ हैं। 18 वर्ष की आयु पूर्ण होते ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना और मतदान करना प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक का पहला लोकतांत्रिक कर्तव्य है। युवाओं को अपने मताधिकार का महत्व समझना चाहिए ताकि वे देश और समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें।

आज होगी जवाहर नवोदय विद्यालय स्व-आकलन प्रतियोगिता परीक्षा

अंडा। अखिल भारतीय स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय स्व-आकलन निःशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा 2026-27 का आयोजन रविवार को किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा संगठन के संयोजन में आयोजित इस परीक्षा का मुख्य केंद्र सीएसआईटी कॉलेज, कोलिहापुरी, दुर्ग में बनाया गया है। यहां कक्षा पांचवीं के लगभग 250 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है।

इस परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लता ऋषि चंद्राकर उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वे विद्वों को प्रोत्साहित करेंगे और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी आकर्षक पुरस्कार राशि

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिए प्रथम से दसवें स्थान तक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 10,001 रुपये, द्वितीय स्थान पर 9,001 रुपये तथा तृतीय स्थान पर 8,001 रुपये दिए जाएंगे। इसी प्रकार चौथे स्थान के लिए 7,001 रुपये, पांचवें के लिए 6,001 रुपये, छठवें के लिए 5,001 रुपये, सातवें के लिए 4,001 रुपये, आठवें के लिए 3,001 रुपये, नौवें के लिए 2,001 रुपये तथा दसवें स्थान के लिए 1,001 रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

हिंदू सेना का संगठन विस्तार, दामिनी जिला महामंत्री और मनजीत बनीं उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्ली राजहरा

हिंदू सेना की बालोद जिला इकाई का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की गई हैं। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत वर्मा एवं प्रदेश महामंत्री नि ले श श्रीवास्तव की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष नंदा पसीने ने दामिनी साहू को जिला महामंत्री, मनजीत कौर को जिला उपाध्यक्ष और गोलू जायसवाल को दल्ली राजहरा नगर उपाध्यक्ष नियुक्त किया। वहीं किरण सिन्हा को संगठन संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई।

- किरण सिन्हा को संगठन संरक्षक की जिम्मेदारी, नई नियुक्तियों से संगठन को मजबूत करने पर जोर



शिव संस्कार धाम मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई। संगठन संरक्षक आशा सिंह एवं जिला अध्यक्ष नंदा पसीने ने भगवा गमछा पहनाकर और तिलक लगाकर पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और हिंदुत्व के लिए सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री निलेश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष नंदा पसीने, एल्डरमैन महेंद्र पिपरे, संरक्षक आशा सिंह, शिव संस्कार धाम संरक्षक हेमशंकर साहू, नगर अध्यक्ष शंकर साहू, महामंत्री पुष्पा साडिल्य सहित संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सुपरवाइजरों को फार्म-6 के बारे में विस्तार से बताया गया

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले में मतदाता सूची को अद्यतन करने तथा पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल विशेष गहन पुनरीक्षण स्पेशल ड्राइव के तहत कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौंडीलोहारा के अंतर्गत अनुभाग डौंडीलोहारा के समस्त सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ईआरओ, डौंडीलोहारा ने विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मतदाता सूची में पात्र नागरिकों का नाम जोड़ने के लिए फॉर्म–6 के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्य में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



उन्होंने सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करें। साथ ही, फॉर्म–6 के माध्यम से नाम जोड़ने की प्रक्रिया को निर्धारित समय–सीमा में पूरा करने और कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी पात्र नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

तिलखैरी में दशहरा उत्सव 20 को

अण्डा। जिले के ग्राम तिलखैरी में बेटियों द्वारा 20 अक्टूबर, मंगलवार को दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। बेटियों की इस पहल से गांव में दशहरा पर्व को लेकर उत्साह का माहौल है। इस आयोजन के माध्यम से गांव की बेटियां धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ सामाजिक सहभागिता का संदेश देंगी। दशहरा भारतीय संस्कृति और परंपरा का प्रमुख पर्व है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक माना जाता है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपरमात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, अम्बापुर, राहतेल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
15 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि - स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kawal Vihar, KORBA- Shop No. 201,202,203 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411